मूल हिन्दी

भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 2462

08 अगस्त, 2022 को उत्तर के लिए

डीडीए के एलआईजी फ्लैटों का मरम्मत कार्य

2462 श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 2010 की आवासीय योजना के अंतर्गत दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा आवंटित एलआईजी फ्लैटों का मरम्मत कार्य समय पर नहीं करवाया गया है जिससे आवंटियों को कई दिक्कतें आ रहीं हैं;

(ख) आवासीय सोसायटियों द्वारा प्राप्त कार्यों की क्षेत्र-वार सूची क्या है; और

(ग) वर्ष 2010 की आवासीय योजना के अंतर्गत दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा आवंटित एलआईजी फ्लैटों के मरम्मत कार्य की क्षेत्र-वार वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री कौशल किशोर)

(क) और (ख): जी, नहीं। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने यह सूचित किया है कि आवासीय योजना 2010 से डीडीए द्वारा पूर्व-घोषित रखरखाव गतिविधियों को समयबद्ध तरीके से किया जा रहा है। शेष रखरखाव गतिविधियाँ रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा की जानी हैं। डीडीए के कार्यक्षेत्र में आने वाली ऐसी पूर्व-घोषित रखरखाव गतिविधियों की सूची अनुलग्नक-क में दी गई है।

(ग): डीडीए ने यह सूचित किया है कि आवासीय योजना 2010 के अनुसार पूर्व-घोषित रखरखाव गतिविधियों का निष्पादन एक सतत प्रक्रिया है और यह साइट की स्थितियों के अनुसार किया जाता है। पूर्व-घोषित रखरखाव गतिविधियों की क्षेत्र-वार वर्तमान स्थिति अनुलग्नक-ख में दी गई है।

दिनांक 08.08.2022 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2462 के उत्तर के भाग (क) और (ख) में उल्लिखित अनुलग्नक - क

डीडीए द्वारा की गई पूर्व-घोषित रखरखाव गतिविधियां

क्रमांक	मद	अवधि
1	ग्रिट वॉश	10 साल में एक बार
2	सीढ़ियां (प्लास्टर + सफेदी)	
	(क) सफेदी	3 साल में एक बार
	(ख) प्लास्टर	3 साल में एक बार
3	रेलिंग (सीढ़ियां और कॉमन लैंडिंग)	3 साल में एक बार
4	फर्श (सीढ़ियां और कॉमन लैंडिंग)	5 साल में एक बार
5	मुदफस्का (छत+मुमटी)	2 साल में एक बार
6	सेनेटरी लाइन्स (निकासी + सीवरेज)	
	(i) 100 मिमी	3 साल में एक बार
	(ii) 75 मिमी	3 साल में एक बार
7	खिड़की छज्जों की मरम्मत	10 साल में एक बार
8	बालकनियों की मरम्मत	10 साल में एक बार

****

दिनांक 08.08.2022 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2462 के उत्तर के भाग (ग) में उल्लिखित अनुलग्नक-ख

आवासीय योजना-2010 के तहत आवंटित एलआईजी फ्लैटों के मरम्मत कार्य की स्थिति

क्रमांक	**विवरण**	**स्थिति**
1.	सेक्टर-14 पॉकेट 3, द्वारका स्थित एलआईजी फ्लैट	कार्य प्रगति पर है और 03 माह में पूरा कर लिया जाएगा।
2.	480 एलआईजी फ्लैट (गंगा , यमुना, नर्मदा और सरस्वती ब्लॉक में प्रत्येक 120 फ्लैट) वसंत कुंज	कार्य प्रगति पर है और 03 माह में पूरा कर लिया जाएगा।
3.	लोकनायक पुरम स्थित एलआईजी फ्लैट्स (बक्करवाला)	मरम्मत कार्य पूरा किया जा चुका है।
4.	पॉकेट डी-6, वसंत कुंज स्थित 805 एलआईजी	मरम्मत कार्य पूरा किया जा चुका है।
5.	मोलरबंद स्थित 690 एलआईजी	निविदा प्रक्रिया में है। कार्य 8 महीने में पूरा कर लिया जाएगा।
6.	जीएच-1, सेक्टर-29, रोहिणी स्थित 1800 एलआईजी आवास	टेंडर प्रक्रिया में है। कार्य 10 महीने में पूरा कर लिया जाएगा।
7.	जीएच-4, सेक्टर-28, रोहिणी स्थित 1380 एलआईजी आवास	टेंडर प्रक्रिया में है। कार्य 10 महीने में पूरा कर लिया जाएगा।
8.	न्यू कोंडली स्थित 1350 एलआईजी आवास	टेंडर प्रक्रिया में है। कार्य 10 महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

****